Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to allocate funds for the development of Naxal Areas of Balaghat Constituency.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): अध्यक्ष महोदय, मैं बालाघाट लोक सभा संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र है और वन से अच्छादित है । वहां नक्सल का काफी प्रभाव रहता है । इसके तीन विकास खंड हैं – बहिया, बिरसा और लामटा । यहां पर पिछले समय लगातार भयंकर बारिश होने के कारण से सारी सड़कें और पुल-पुलिया खराब हो गए हैं । यहां पर जो आंगनवाड़ियां, सड़कें और पुल खराब हो गए हैं, इन सभी केन्द्रों को बनाए जाने के लिए ट्राइबल विभाग के माध्यम से 275(1) के अंतर्गत अधिकतम राशि दी जाए, ताकि सीलिंग न हो । उस क्षेत्र में लंबी-लंबी सड़कें हैं, गांव दूर-दूर बसे हैं और राशि कम पड़ती है, इसलिए अतिरिक्त धन राशि दे कर, इस नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए राशि दिए जाने के लिए मैं सरकार से अनुरोध करता हूं ।